महत्वपूर्ण एवं खास

कोरोना वायरस से सुरक्षा हेतु जिला न्यायालय में निर्धारित पेशी की तिथियां आगे बढ़ी

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार द्वारा कोरोना वायरस (कोविड-19)के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए न्यायालय, कलेक्टर रायगढ़ के 20 अप्रैल 2020 तथा उसके आगे नियत प्रकरणों की पेशी को आगामी दिनांक तक बढ़ाई गयी है। निर्धारित प्रकरणों के पक्षकार तथा अधिवक्तागण आगामी पेशी दिनांक में न्यायालय कलेक्टर, रायगढ़ के समक्ष सुनवाई में उपस्थित हो सकते है। ज्ञात हो कि 20 अप्रैल 2020 को निर्धारित पेशी 2 जून 2020 को निर्धारित की गई है। इसी तरह 21 अप्रैल को निर्धारित पेशी 8 जून को, 27 अप्रैल को निर्धारित पेशी 9 जून को तथा 28 अप्रैल को निर्धारित पेशी 15 जून 2020 को निर्धारित की गई है।

चिकित्सक एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की 03 माह हेतु अस्थाई संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण एवं महामारी के विस्तार को रोकने हेतु जिले में आवश्यकतानुसार अधिकतम 05 चिकित्सक एवं 03 विशेषज्ञ चिकित्सकों की अस्थाई संविदा नियुक्ति आगामी 03 माह हेतु किया जाना है। रायगढ़ जिला हेतु 05 चिकित्सक एवं 03 विशेषज्ञ चिकित्सकों की अस्थाई संविदा नियुक्ति राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्धारित वेतनमान (निगोशियेबल सैलरी पैकेज) अनुसार सीधा पदस्थापना किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ के कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

लॉक डाउन के दौरान 3 मई तक सार्वजनिक परिवहन सेवा स्थगित

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोरोना वायरस (कोविड-19)के संक्रमण की रोकथाम तथा आपातकालीन परिस्थितियों के मद्देनजर लोकहित में अंतर्राज्यीय तथा छ.ग.राज्य में संचालित होने वाली समस्त प्रकार के सार्वजनिक परिवहन यान, यात्री बस, सिटी बस, टैक्सी, ऑटो, ई-रिक्शा के संचालन को पृथक-पृथक तिथियों तक स्थगित किये जाने संबंधी निर्देश जारी किए गए थे। चूंकि वर्तमान में कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम के लिए भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सहित पूरे देश में आगामी 3 मई 2020 तक लॉक डाउन घोषित किया गया है। अतः लोकहित में अंतर्राज्यीय तथा छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित होने वाली समस्त प्रकार के सार्वजनिक परिवहन यान, यात्री बस, सिटी बस, टैक्सी, ऑटो, ई-रिक्शा के संचालन को आगामी आदेश पर्यन्त स्थगित किया जाता है।

लॉकडाउन में 50 किलोमीटर दूर पहुंच गईं दो युवतियां

कोरबा (आरएनएस)। लॉकडाउन की वजह से लोगों की आवाजाही पूरी तरह बंद है। लोग एक दूसरे गांव नहीं जा पा रहे हैं। लेकिन बांकी मोंगरा की दो युवतियां दो दिन पहले अपने घर से निकलकर 50 किलोमीटर दूर पोडी-उपरोडा ब्लॉक के ग्राम जल्के बनियापारा पहुंच गई। ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों युवतियों को छात्रावास में ठहराया है। लॉकडाउन में युवतियां पोड़ी उपरोडा ब्लॉक कैसे पहुंची यह चर्चा का विषय है। बांकी मोंगरा से कटघोरा होते हुए ही पोडी उपरोडा जाते हैं। कटघोरा में कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद पुलिस ने नाकेबंदी की है।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान : लॉकडाउन अवधि 3 मई तक मिलेगा सूखा राशन

रायपुर(आरएनएस)। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के हितग्राहियों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर का ध्यान रखते हुए लॉकडाउन अवधि में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत चिन्हांकित हितग्राहियों को 21 दिवस का सूखा राशन जैसे चावल, दाल एवं स्थानीय रूचि एवं उपलब्धता के अनुसार अन्य पौष्टिक आहार का पैकेट बनाकर प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। भारत शासन द्वारा अब लॉकडाउन अवधि को बढ़ाकर 3 मई तक किया गया है अतः बढ़ी हुई लॉकडाउन अवधि में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत गरम भोजन से लाभान्वित हितग्राहियों को सूखा राशन प्रदान किया जाएगा।

राहत शिविर में रूके लोगों का प्रशासन रख रहा है पूरा ख्याल

» रायगढ़ जिले में 227 लोगों रुके हैं राहत शिविरों में

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोरोना महामारी के रोकथाम के लिए लगाये लॉक डाउन में लोगों की जिंदगी की रफ्तार धीमी कर दी है। संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए लोगों को घरों में रहना पड़ रहा है। सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने के लिए अधिकांश काम धंधे बंद कर दिए गए है। इन सबका सीधा असर अन्य राज्यों से काम या मजदूरी करने आये श्रमिकों पर हुआ है, जो यहां फंसे हुए हैं। किन्तु शासन द्वारा उनकी देखभाल का उचित प्रबंध किया गया है। अन्य राज्यों या जिलों के ऐसे लोग जो रायगढ़ जिले में फंसे हुए है, उनके लिए राहत शिविर बनाकर तमाम जरूरी सुविधाएं मुहैय्या करायी जा रही है।

राहत शिविरों में सुबह शाम के खाने व नाश्ते के साथ स्वच्छ पेयजल व शौचालय की व्यवस्था की गई है। साथ ही रोजमर्रा की जरूरत का सामान जैसे साबुन, तेल, पेस्ट भी दिया जा रहा है। प्रशासन स्तर पर अंतर्विभागीय टीम बनाकर 24 घंटे शिविर में रूके लोगों की देखभाल की जा रही है। उनकी कॉउंसलिंग भी की जा रही जिससे वे इस चुनौतीपूर्ण समय में कोरोना के रोकथाम के लिए लॉक डाउन का लगाया जाना, सोशल डिस्टेंसिंग जैसे मत्वपूर्ण पहलुओं को समझ कर उसका पालन करते हुए प्रशासन के साथ सामंजस्य बना सकें। इस दौरान एक दूसरे से दूरी बनाकर रहना, नियमित रूप से साबुन से हाथ धोना जैसी बातें बताकर उस पर अमल करवाया जा रहा है। शिविर में रहने वाले लोगों को मॉस्क भी बांटे गये है। स्वास्थ्य विभाग की टीम नियमित अंतराल में इन शिविरों में पहुंचकर रुके लोगों का परीक्षण कर रही है। जिला स्तर के अधिकारी सतत् निरीक्षण कर शिविरों के संचालन पर नजर बनाए हुए हैं।

धरमजयगढ़ के राहत शिविर में रुके जिला गढ़वा झारखंड के निवासी एहसान अहमद खान कहते हैं कि लॉक डाउन लगने के शुरुआती दौर में दिक्कत तो हुई पर 29 मार्च को राहत शिविर में आने के बाद से रहने खाने की चिंता से मुक्त हो गए हैं। इसी प्रकार झारखंड के ही सरफुद्दीन खान भी कहते हैं कि प्रशासन की व्यवस्था बहुत अच्छी है, समय से नाश्ता खाना मिलने के साथ नियमित स्वास्थ्य जांच भी की जाती है।

गौरतलब है कि रायगढ़ जिले में 27 राहत शिविर संचालित है। जहां वर्तमान में विभिन्न राज्यों के 227 व्यक्ति रूके हुए है। जिनमे छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से 46, उड़ीसा से 2, झारखण्ड से 39, बिहार से 25, मध्यप्रदेश से 82, उत्तरप्रदेश से 6, राजस्थान से 5, पश्चिम बंगाल से 18 एवं महाराष्ट्र से 4 व्यक्ति शामिल हैं।

जिले में 25950 घरों का एक्टिव सर्वेलेंस पूर्ण

» जिले में अन्य राज्यों से आये 6051 में से 4032 यात्री होम आईसोलेशन में

» जिले में आज तक कोई भी कोरोना के पाजिटिव मरीज नहीं

» स्वास्थ्य विभाग कर रहा है इनकी नियमित मॉनिटरिंग

न्याय साक्षी/रायगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 01 जनवरी 2020 के बाद विदेशों से कुल 209 यात्री आये हैं जिसमें से 193 यात्रियों का होम आईसोलेशन एवं क्वारेंटाईन की अवधि 28 दिवस पूर्ण हो चुका है। शेष 16 यात्रियों को होम आईसोलेशन में रखा गया है। इनके घरों के आस-पास 50 घरों का कम्यूनिटी सर्वेलेंस किया गया है एवं सतत् निगरानी रखी जा रही है।

जिले में अन्य राज्य से अब तक कुल 6051 यात्री आये हैं जिसमें से 2019 यात्रियों का होम आईसोलेशन की अवधि 28 दिवस पूर्ण हो चुका है। शेष 4032 यात्रियों को होम आईसोलेशन में रखा गया है एवं सतत् निगरानी की जा रही है। जिले में कुल 133 व्यक्तियों का सेम्पल संग्रहण कर जांच हेतु भेजा गया है। जिसमें से 128 व्यक्तियों का रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुआ है। शेष 5 का रिपोर्ट अप्राप्त है। वर्तमान में जिले में किसी भी व्यक्ति में कोविड-19 बीमारी के लक्षण नहीं पाये गये है एवं आज दिनांक तक कोई भी कोविड-19 के पॉजिटीव मरीज नहीं है।

जिले में संदेहास्पद व्यक्तियों को रखने हेतु रामबाग मैरिज गार्डन व हॉल, ओम होटल सारंगढ़, ईडन गार्डन मैरिज गार्डन हॉल एवं ओपी जिंदल स्कूल हॉस्टल तमनार में कुल 78 बेड के आईसोलेशन वार्ड की व्यवस्था की गई है। बंशीवट पहाड़ मंदिर रोड, रायगढ़ में 5 व्यक्तियों को क्वारेंटाईन में रखा गया है। उनकी नियमित जांच व निगरानी की जा रही है। जिले में बंशीवट पहाड़ मंदिर रोड रायगढ़, जलसा मैरिज गार्डन बोईरदादर रायगढ़, रैन बसेरा धरमजयगढ़ एवं प्री मैट्रिक ब्वायज हॉस्टल घरघोड़ा में कुल 54 बेड का क्वारेंटाईन सेंटर चिन्हांकित किया गया है। 10 मार्च के बाद प्रभावित अन्य राज्यों से आए 1425 व्यक्तियों का शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में एक्टिव सर्वेलेंस किया जा रहा है। अब तक कुल 25950 घरों का सर्वे पूर्ण कर लिया गया। सर्दी-खांसी व बुखार के लक्षण वाले को चिन्हांकित कर सूची तैयार की जा रही है। कोरबा व कटघोरा से आने वाले व्यक्तियों को होम क्वारेंटाईन में रखकर प्रतिदिन स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है आवश्यकता पडने पर सैम्पल लिया जावेगा।

जिले के सभी निवासियों से अपील है कि लॉकडाउन को सफल बनाएं एवं सामाजिक दूरी के नियमों का कड़ाई से पालन करें तभी इसके प्रसार को नियंत्रित किया जा सकेगा। जिले में यदि ऐसे किसी भी प्रवासी व्यक्ति की जानकारी उन्हें प्राप्त होती है, तो टोल फ्री नम्बर 104 पर एवं अंतर्विभागीय समन्वय हेतु दोनों नम्बर 9589356700 तथा 9981811582 पर एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल सूचना देवें।

सब्जी व जरूरी सामानों की होम डिलीवरी का बढ़ा दायरा, नये दुकानदार किए गए शामिल

पशु आहार की भी होगी होम डिलीवरी, शहरवासियों से सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार की पहल पर शहर में प्रारंभ की गई सब्जी, राशन व जरूरी सामानों की होम डिलीवरी के लिए विक्रेताओं की संख्या में वृद्धि करते हुए और नये दुकानदारों को जोड़ा गया है। होम डिलीवरी का कार्य सुबह 05 से दोपहर 12 बजे के बीच होगा। सभी विक्रेताओं के लिए उनके व्यवसाय के इलाकों के अनुसार क्षेत्र व वार्ड निर्धारित कर दिए गए हैं। जिन वाहनों के द्वारा डिलीवरी की जाएगी उसके लिए भी पास जारी किए गए हैं। शहर के लोग अपने क्षेत्र के विक्रेताओं के जारी किए गए नंबर पर कॉल कर सामान की डिलीवरी करा सकते है। जिसके तहत

सब्जी विक्रेता में

सोहन लाल देवांगन-9098155154-वार्ड क्रमांक-28, जगन्नाथ मिरी-9179154495-वार्ड क्रमांक-11 , जगतराम यादव-7869003663-वार्ड क्रमांक-2, जितेन्द्र कुमार पटेल - 9981367071-वार्ड क्रमांक-3, जगदीश सारथी-8815220516-ढिमरापुर क्षेत्र, दिनेश साव - 7803966230-वार्ड क्रमांक-3, विजय सिंह ठाकुर-6232002799-रामभांठा संजय मैदान, राजू यादव-7694029043-वार्ड क्रमांक-3, अखिलेश निषाद-9589719032-वार्ड क्रमांक-2, अमुल्या देवांगन-7752087261-वार्ड क्रमांक-16

अरूण कुमार मिश्रा-7489462732-वार्ड क्रमांक-16, अजय कुमार मिश्रा-7000574148-वार्ड क्रमांक-16, प्रफुल्ल कुमार साहू-9329499754-वार्ड क्रमांक-15, अजय कुमार ठेठवार-7828147532-वार्ड क्रमांक-15, रवि साहू एवं अंकित साहू-8085956568-वार्ड क्रमांक-15, अशोक मण्डल (फल एवं सब्जी)-7024075423-वार्ड क्रमांक-15, शिव खुंटे-9827114521-वार्ड क्रमांक-14, भोला प्रसाद यादव-8109091362-वार्ड क्रमांक-11, प्रमोद कुमार-9993087477-वार्ड क्रमांक-11, राधेश्याम साहू-8349650082-वार्ड क्रमांक-15

राशन विक्रेता में

रितेश कुमार साहू-7697229877-वार्ड क्रमांक-16, अनिल साहू -9981644902-वार्ड क्रमांक-28

मोहन लाल पाण्डेय - 9755957897-दीनदयाल अपार्टमेंट, अनुप कुमार सिंह-9993327221-पंजरी प्लांट एवं केलो बिहार, राजेश कुमार अग्रवाल-7000819424-दीनदयाल अपार्टमेंट, धनीराम देवांगन-9827676202-नया गंज कोष्टपारा, नारायण देवांगन-9753620608-कोष्टापारा, आशीष श्रीवास-97134-25103-बैकुण्ठपुर क्षेत्र, आलोक श्रीवास-9893569477-बैकुण्ठपुर क्षेत्र, रवि श्रीवास -6261540735-बैकुण्ठपुर क्षेत्र, ईंदल कुमार पटेल-7869449408-बांजीनपाली, दिनेश अग्रवाल-9981219993-गांजा चौक

देवशंकर साहू-8518055200-केलो विहार कालोनी, देवी प्रसाद साहू-9827940598-पंजरी प्लांट, त्रिनाथ देवांगन-7828291920-पंजरी प्लांट, राहूल अग्रवाल-7828494646-केलो विहार कालोनी, विपीन मोदी-9425252354-ढिमरापुर क्षेत्र, विशाल सिदार-9425252354-ढिमरापुर क्षेत्र, श्रीसंत सिंह-7898369929-दीनदयाल कालोनी आर्शीवादपुरम, प्यासा मैदान एवं हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, दीपक खिलवानी एवं कमलेश खिलवानी-9827150582- घुरऊ यादव-9039741110-विकास नगर बंगलापारा एवं रेलवे कालोनी, ऋषिकेश महंत-8717943312-वार्ड क्रमांक 3, शिव कुमार सिंह-9754966888-शिवम बिहार से संजय मैदान तक, नारायण श्रीवास-9691719281-वार्ड क्रमांक 3, विजय कुमार अग्रवाल एवं बिट्टू ठाकुर 9827161759-ढिमरापुर क्षेत्र, दिनेश-9329401321, मनोज यादव एवं श्याम सुन्दर यादव-7223801321-धांगरडीपा क्षेत्र

दुग्ध/डेयरी विक्रेता में

संदीप रामगढिया-9425277701-बोईरदादर क्षेत्र, प्रहलाद पटेल-8827919821,7987897395-रायगढ़ क्षेत्र, रामकुमार दुबे-9301606016-बैकुण्ठपुर

आटा चक्की फेस आटा विक्रेता में

शरद थवाईत-7000810670-वार्ड क्रमांक 13

दवाई विक्रेता में

प्रशांत घोष-9754346916,9302917538-वार्ड कमांक 14 एवं 15

फल विक्रेता में

मो.जावेद खान-7869360055-वार्ड क्रमांक 28, उत्तम चौधरी-7000619223-वार्ड क्रमांक 21

पशु आहार विक्रेता में

अरूण अग्रवाल-8085982976-रायगढ़ क्षेत्र, शौकीलाल चौहान (ड्राइवर)-9300104458 एवं संतराम खूटे (खलासी) -रायगढ़ क्षेत्र शामिल है।

लॉकडाउन संकट में लोगों के साथ खड़ा रहेगा रामदास द्रौपदी फाउन्डेशन

न्याय साक्षी/रायगढ़। रामदास द्रौपदी फाउन्डेशन के संरक्षक रामदास अग्रवाल के पहल पर रामदास द्रौपदी फाउन्डेशन द्वारा रायगढ़ नगर पालिक निगम क्षेत्र में लॉकडाउन के कारण असमर्थ जरूरतमंद व्यक्तियों के जरूरतों के मद्देनजर भोजन सामाग्री वितरित किया जा रहा है और यह वितरण लॉकडाउन बढ़ने के स्थिति में निरंतर जारी रहेगा। सामाग्री की वितरण व्यवस्था रामदास द्रौपदी फाउन्डेशन में समर्पित सेवादारों द्वारा किया जा रहा है। साथ ही लॉकडाउन में फंसे लोगों के लिए पका हुआ भोजन लॉकडाउन आरंभ होने के दिनों से ही रामदास द्रौपदी फान्डेशन द्वारा थाना सिटी कोतवाली, थाना कोतरा रोड, थाना चक्रधरनगर व जुटमिल चौकी के प्रभारियों के सहयोग से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। यदि किसी भी व्यक्ति को ऐसे लोगों की जानकारी हो कि वे लॉकडाउन के कारण फंसे हुए हैं तो उनकी सूचना पुलिस को दें। वहीं आर्थिक परेशानी से गुजर रहे लोगों तक जरूरी दवाओं (जैसे बीपी या सुगर आदि) की भी उपलब्धता फाउन्डेशन द्वारा करायी जा रही है। साथ ही साथ फाउन्डेशन के निवेदन पर नगर के प्रतिष्ठित डॉक्टर, डॉक्टर राजू द्वारा डॉक्टरी परामर्श फोन पर दिया जा रहा है। उपरोक्त सभी सेवाओं के लिए फाउंडेशन के निम्न नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस संकट के घड़ी में रामदास द्रौपदी फॉउन्डेशन जरूरतमंद लोगों के साथ खड़ा है। आइए हम सब मिलकर कोरोना को हराने के लिए लॉकडाउन को सत प्रतिशत सफल बनाने के दिशा में कार्य करें और उसमें आ रहे परेशानियों को मिलजुल कर बांटे।

रायगढ़ शहर का प्रतिष्ठित व प्रखर समाज सेवी रामदास अग्रवाल के ज्येष्ठ पुत्र सुनील रामदास द्वारा वर्ष 2014 से दस सूत्री कार्यक्रम को लेकर रामदास द्रौपदी फाउन्डेशन की स्थापना की गयी थी।

सीएम सहायता कोष में जांगिड महासभा ने एक लाख और ब्राह्मण समाज ने दी 51 हजार

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना महामारी से बचाव एवं रोकथाम तथा जरूरतमंदों की मदद के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष में अखिल भारतीय जांगिड़ महासभा ने एक लाख रूपए और छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज पाटन ने 51 हजार रूपए की सहयोग राशि जमा की है। मुख्यमंत्री सहायता कोष में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न संस्थानों, संगठनों तथा आम नागरिकों सहित समाज के हर वर्ग द्वारा दान देने का सिलसिला निरंतर जारी है। इस नेक कार्य के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अखिल भारतीय जांगिड़ महासभा एवं पाटन नगर के समस्त विप्रगण को धन्यवाद दिया है।

लॉक डाउन में सीख कार्यक्रम से बदलेगा पढ़ने और सीखने का अंदाज

» शिक्षक और पालक अब साथ मिल कराएंगे बच्चों की पढ़ाई

» तमनार विकासखण्ड के 137 प्राथमिक शालाओं में चालू होने जा रहा है यह कार्यक्रम

न्याय साक्षी/रायगढ़। एकाएक स्कूल बंद होने के कारण बच्चों के सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में बाधा आई है। कोविड-19 के कारण यह स्थिति कब तक ऐसे ही रहेगी इसके बारे में कुछ भी कहना अभी संभव नहीं है इसलिए यूनिसेफ ने सीख कार्यक्रम के माध्यम से घरों और समुदायों की मदद से बच्चों के लिए मजेदार और सरल सीखने-सिखाने के अवसर तैयार किये है। प्रोग्राम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों को मजबूत बनाने के लिए प्राथमिक स्कूलों के सभी बच्चों को निरंतर सीखने में सहायता करने के अवसर देना है। इसमें लॉक डाउन के दौरान ही

शिक्षक और अभिभावक के आपसी समन्वय से घर और समुदाय में बच्चों के लिए रोचक तरीकों से सीखने के अवसर सृजन किये जायेंगे ताकि बच्चों के लिए सीखने-सिखाने की प्रक्रिया चलती रहे और उसे आनंददायक बनाया जा सके।

छत्तीसगढ़ के तीन विकासखण्डों के प्राथमिक शालाओं से इस कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। जिसमे रायगढ़ जिले का तमनार विकासखण्ड भी शामिल है। तमनार के सभी 137 प्राथमिक शालाओ में इसका क्रियान्वयन प्रारम्भ किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा अभिभावकों को व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से सीखने की सामग्री को साझा किया जाएगा। जो कि चित्र, छोटे वीडियो, पोस्टर/पृष्ठ आदि के साथ एक स्पष्ट निर्देशिका जो कि ऑडियो क्लिप के रूप में होगी इसे पालकों के साथ साझा किया जाएगा। उदाहरण के लिए अगर एक विडियो साझा की है तो उसके साथ एक ऑडियोक्लिप द्वारा उस विडियो में बच्चे और पालक को क्या करना उसे समझाया जाएगा। ऑडियो क्लिप से पालकों को गतिविधि को समझने में अधिक मदद मिलेगी। जिनका उपयोग बच्चों के साथ मिलकर घर या समुदाय स्तर पर कर पायेंगे। पठन सामग्री के वितरण के लिए स्कूल के साथ-साथ संकुल, विकासखंड और जिला स्तर पर भी ग्रुप बनाया जाएगा।

हर सप्ताह अभिभावकों से 2 पठन गतिविधियां सोमवार और शुक्रवार को साझा की जाएगी जो कि भाषा और गणित विषयों पर केन्द्रित होंगी। इसके साथ ही कुछ बुनियादी विज्ञान, खेल और जीवन कौशल शिक्षा गतिविधियां भी होगी। ये गतिविधियां पालकों के दैनिक दिनचर्या से संबंधित होगी ताकि इन्हें करने से पालकों को कोई परेशानी न आए। कोविड-19 से संबंधित विशेष सावधानियों पर जागरूकता की जानकारी पूरे कार्यक्रम के दौरान दी जाएगी। इस कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए नियमित रूप से हर हफ्ते पालकों से फीडबैक भी लिया जाएगा। जिसकी जिला स्तर पर समीक्षा कर कार्यक्रम में आवश्यक फेरबदल भी किये जा सकेंगे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480